# दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email: academic@durguniversity.ac.in, Website: www.durguniversity.ac.in, Phone 0788-2359400


क्र. 183 /अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 30/5/18

विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 28.05.2018 समय 02:00 बजे कुलपति कार्यालय में संम्पन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :–

**प्रो. शैलेन्द्र सराफ, कुलपति – अध्यक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. डॉ. चंद्रिका नाथवानी | – सदस्य | 2. डॉ. ओ.पी.गुप्ता | – सदस्य |
| 3. डॉ. ए.के.मिश्रा | – सदस्य | 4. डॉ. अनिता महिश्वर | – सदस्य |

**डॉ. एस.के. त्रिपाठी, कुलसचिव – सचिव**

कार्यवृत्त :

**विषय क्रमांक 01.**

विद्यापरिषद् की बैठक, दिनांक 27.03.2018 के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन करना।

**निर्णय** :विद्यापरिषद की बैठक दिनांक 27.03.2018 के कार्यवाही विवरण के बिंदु क्रमांक 9 के अनुसार स्थायी समिति के गठन की सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 02.**

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित होने वाले नवीन विषय/कक्षा बी.ए बी.एड. एवं बी.एस–सी. बी.एड. के संबद्धता शुल्क का निर्धारण।

**निर्णय** : बी.ए बी.एड. एवं बी.एस–सी. बी.एड. को एकीकृत कोर्स होने के कारण उन्हें अलग संकाय मान्य करते हुए परिनियम 27 में उल्लेखानुसार संबद्धता शुल्क प्राप्त की जाए तथा तृतीय वर्ष के अनुसार ही चतुर्थ वर्ष का शुल्क प्राप्त किया जाए। बी.ए बी.एड. एवं बी.एस–सी. बी.एड. दो अध्ययनमण्डल के तहत होंगे तदनुसार शुल्क का निर्धारण होगा।

**विषय क्रमांक 03.**

शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा, जिला–कबीरधाम में संचालित कक्षाओं बी.ए., बी.एस.–सी. (विज्ञान एवं गणित संकाय) एवं बी.कॉम को स्थायी संबद्धता दिए जाने के अनुमोदन पर विचार करना।

**निर्णय** : स्थायी समिति द्वारा महाविद्यालय को निम्नानुसार कक्षा/विषय में सत्र 2018–19 से स्थायी संबद्धता प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया :–

| क्रमांक | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | सीट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा जिला–कबीरधाम (छ.ग.) | **Permanent Affiliation**<br>**B.A.** - F.C., Sociology, Geography, Political Science<br>**B.Sc.** - F.C. Chemistry, Botany, Zoology<br>**B.Sc.** - F.C., Chemistry, Physics, Maths including Computer Science<br>**B.Com** | <br>220<br>135<br>60<br>60 |

**विषय क्रमांक 04.**

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में शासन की अनुमति उपरांत संचालित होने वाले नवीन विषय/कक्षा Post Graduation Diploma in Rehabilliation Psychology (PGDRP) का अध्ययन मंडल (मनोविज्ञान) के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश के अनुमोदन पर विचार करना।

**निर्णय** : स्थायी समिति द्वारा उक्त पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश को अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक 05.**

समन्वय समिति द्वारा दिनांक 19.04.2017 को अनुमोदित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अध्यादेश क्रमांक 45 (शोध संबंधी) को दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत किए जाने का अनुमोदन।

**निर्णय** : स्थायी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक 06.**

शोध उपाधि संबंधी प्रक्रिया संचालन करने हेतु दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा गठित उच्च प्राधिकार समिति की बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना।

**निर्णय** : स्थायी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक 07.**

छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा–30 की उपधारा (1) की कंडिका (पांच) के प्रावधानानुसार विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड में विद्यापरिषद् द्वारा ख्याति प्राप्त तीन विद्वान जो विश्वविद्यालय से सम्बद्ध न हों के नाम मनोनीत करने पर विचार करना।

**निर्णय** : स्थायी समिति द्वारा उपर्युक्त नाम मनोनीत करने हेतु माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

**विषय क्रमांक 08**

महाविद्यालयों को सत्र 2017–18 हेतु 118 महाविद्यालयों को जारी वार्षिक संबद्धता की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय** : संलग्न सूची अनुसार स्थायी समिति द्वारा 114 महाविद्यालयों को वार्षिक संबद्धता दिये जाने की सूचना ग्रहण की गई।

## टेबल एजेंडा

**विषय क्रमांक 01.**

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डी लोहारा, जिला–बालोद में बी.एस.–सी. भाग–1 (गणित/भौतिक) एम.ए.–अंतिम राजनीति विज्ञान एवं एम.ए.–अंतिम इतिहास की अस्थायी संबद्धता प्रदान करने पर विचार करना।

**निर्णय** : स्थायी समिति द्वारा महाविद्यालय को निम्नानुसार कक्षा/विषय में सत्र 2017–18 से अस्थायी संबद्धता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया :–

| क्रमांक | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | सीट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डी लोहारा, जिला–बालोद (छ.ग.) | **Non Permanent Affiliation** | |
| | | B.Sc.- I . - F.C. Chemistry, Physics, Mathematics | 30 |
| | | M.A. - Political Science (Final year) | 25 |
| | | M.A. - History (Final year) | 25 |

**विषय क्रमांक 02.**

पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय, जिला–राजनांदगांव को सत्र 2016–17 की वार्षिक संबद्धता प्रदान किये जाने की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय** : स्थायी समिति द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

समिति द्वारा स्थायी समिति के गठन के पहले पूर्व कुलपति एवं कुलसचिव के द्वारा सम्पन्न कार्यों की सराहना की गई। अध्यक्ष एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ.क्र. 184 /अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 30/5/18

प्रतिलिपिः

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, छत्तीसगढ़ राजभवन, रायपुर।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
3. स्थायी समिति के समस्त सम्माननीय सदस्यगण।
4. वित्त अधिकारी, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।
5. कुलपति महोदय के निज सहायक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)